प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 04.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगभग 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा–केंद्रित पहलों का किया अनावरण, कहा– राष्ट्र निर्माण में कौशल का अहम योगदान।**
2. **जेबीवीएनएल ने इस वर्ष बिजली चोरी के आरोपी उपभोक्ताओं से वसूला लगभग साठ करोड़ रुपए, झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को सौंपी रिपोर्ट।**
3. **झारखंड उच्च न्यायालय ने ग्रामीण चौकीदारों की नियुक्ति और आरक्षण रोस्टर का पालन जिलास्तर पर करने का राज्य सरकार को दिया आदेश।**
4. **पलामू पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, छतरपुर से हथियारों के साथ पांच लुटेरे धराए, छत्तीसगढ़ में छह करोड़ रुपए के गहना लूट की वारदात को दिया था अंजाम।**
5. **रांची की मेजबानी में सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की नई तारीखें घोषित, 24 अक्टूबर से शुरु होंगी स्पर्धाएं, दक्षिण एशियाई देशों के सैकड़ों एथलीट लेंगे हिस्सा।**

और अब समाचार विस्तार से

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारम्भ किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में उन्होंने देश भर के एक हज़ार सरकारी आईटीआई संस्थानों के उन्नयन के लिए पीएम–सेतु और नवोदय विद्यालयों और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में स्थापित एक हज़ार दो सौ व्यावसायिक कौशल प्रयोगशालाओं का भी उद्घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में कौशल का अहम योगदान होता है। ऐसे में आज का भारत कौशल को सबसे ज्यादा प्रमुखता देता है।

****

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान ने छह करोड़ 50 लाख महिलाओं की जाँच करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने बताया कि देश भर में लगभग 18 लाख स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि इस अभियान की शुरुआत पिछले महीने की 17 तारीख को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी और इस महीने की 2 तारीख को इसका समापन हुआ।

****

झारखंड राज्य बिजली वितरण निगम ने इस वर्ष 3 सौ 32 लाख यूनिट बिजली चोरी के एवज में 59 करोड़ 74 लाख रुपए का जुर्माना वसूल कर चुकी है। निगम ने झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग को इसकी रिपोर्ट सौंप दी है। निगम ने बताया कि बिजली चोरी और लाइन लॉस के कारण हर महीने 124 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इस नुकसान की भरपाई के लिए बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

****

राज्य में ग्रामीण चौकीदारों की नियुक्ति जिला स्तर पर करने का आदेश झारखंड उच्च न्यायालय ने दिया है। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने कोडरमा के उपायुक्त कार्यालय द्वारा चौकीदारों की शुरू की गई। नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया। अदालत ने झारखंड चौकीदार कैडर नियमावली–2015 के तहत सभी नियुक्तियां और आरक्षण रोस्टर का पालन जिलास्तर पर करने को कहा है।

****

कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अब परीक्षा समाप्त होने के बाद प्रश्न पत्र और उत्तर देख सकेंगे। आयोग ने प्रतियोगिता परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए यह कदम उठाया है। वहीं, परीक्षार्थी आयोग की उत्तर कुंजी को साक्ष्य के साथ चुनौती भी दे सकते हैं।

****

गुमला जिले के डुमरी प्रखंड में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर ग्राम विजन प्लान–2030 को स्वीकृति दे दी गई। और जानकारी दे रहे हैं

****

जामताड़ा जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारियों तथा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की. उपायुक्त ने कहा कि केंद्र सरकार के इस अभियान के तहत जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाओं का चयन ग्राम सभा द्वारा किया जाना है।

****

पलामू पुलिस ने छतरपुर थाना क्षेत्र के खेंद्रा कला गांव में छापेमारी कर अंतरराज्यीय लुटेरा गिरोह के पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों के पास से हथियार समेत लूट की तीन मोटरसाइकलें और सोलह मोबाइल फोन भी पुलिस ने बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज के एक ज्वेलरी दुकान में लगभग छह करोड़ रुपए के गहने लूट मामले में भी यह गिरोह शामिल था।

****

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 9 हजार 500 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 54 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर में पत्रकार आनंद सिंह की पुस्तक समय के साथ का विमोचन किया. उन्होंने कहा कि इस पुस्तक से पाठकों को कई अहम जानकारियां मिलेगी।

****

- सीसीएल में स्वच्छता ही सेवा का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इकतीस अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत लंबित मामलों का निष्पादन, स्क्रैप तथा ई–वेस्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जाएगा।
- राज्य के पूर्व प्रधान महालेखाकार बेंजामिन लकड़ा का आज सवेरे निधन हो गया. वे कुछ दिनों से बीमार थे और रांची के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।
- रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में जमशेदपुर से रांची आ रही एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलटने से एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर है।
- जमशेदपुर में तीन दिवसीय नेत्रहीन क्रिकेट प्रतियोगिता की आज शुरूआत हो रही है। इस प्रतियोगिता में झारखंड और दिल्ली की टीमें हिस्सा ले रही है।

****

रांची की मेजबानी में दक्षिण एशियाई सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप, सैफ का आयोजन 24 अक्टूबर से होगा। 26 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में सैकड़ो एथलीट हिस्सा लेंगें। एएफआई के मधुकांत पाठक ने बताया कि पाकिस्तान को छोड़कर बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान और मालदीव ने भागीदारी को लेकर अपनी सहमति दे दी है ।

********समाप्त**************